RAF SECTOR

NEWS CLIP

24/07/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala, Pryagraj (U.P)

पॉलीथिन का उपयोग रोकने को आरएएफ के अभियान में शामिल लोग • अमर उजाला

चलाया गया पॉलीथिन जागरूकता अभियान

जासं, प्रयागराज : शांतपुरम् स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) कैंप परिसर में गुरुवार को पॉलीथिन के उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान निकाली गई साइकिल रैली को कार्याध्यक्ष सुनीता निगम ने हरी झंडी दिखाई। लोगों को पॉलीथिन के बजाय कपड़े और कागज के थैले का उपयोग करने को कहा गया।

Dainik Jagran, Pryagraj (U.P)

साइकिल रैली से प्लास्टिक बहिष्कार की अपील की

फाफामऊ। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 बटालियन आरएएफ कैंप में गुरुवार को प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए साइकिल रैली निकालकर आरएएफ कर्मियों ने क्षेत्रीय लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए लोगों से अपील की। रैली को कावा अध्यक्ष सुनीता निगम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली आरएएफ कैंप के विभिन्न ब्लाकों से होती हुई आसपास क्षेत्रों में गई और लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की।

Amar Ujala, Aligarh (UP)

बेहतर कॅरियर की दी जानकारी

छात्रों का मार्गदर्शन करते आरएएफ कमांडेंट भवेश चौधरी।

अलीगढ़। 104 बटालियन आरएएफ के कैंप परिसर में कक्षा 9 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंसलिग का आयोजन किया गया। कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देशन में परिसर में जवानों के बच्चों, उनके माता-पिता व बच्चों को कॅरियर बनाने के लिए बेहतर सलाह दी गई। यह कार्यक्त्रस्म सीआरपीएफ परिवार कल्याण संगठन के तत्वावधान में संगठन की अलीगढ़ अध्यक्ष रेखा चौधरी के निर्देशन में हुआ। अतिथि के रूप में शामिल आईआईएमटी के सचिव पंकज महलवार, शांति निकेतन वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर शालिनी महलवार ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी, शिक्षक, जवानों के बच्चे आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

आरएएफ ने रोपे 30 हजार पौधे

अलीगढ़। 104 बटालियन आरएएफ ने एक महीने में कैंप परिसर, स्कूल, आवासीय कॉलोनी में 30 हजार पौधे रोपे। कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देशन में आरएएफ ने कैंप परिसर, इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल, इकरा पब्लिक स्कूल, इंग्राहम संस्थान, ओजोन सिटी में पौधे रोपे। पौधरोपण का समापन सीआरपीएफ के स्थापना दिवस 27 जुलाई को होगा।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।